15. परीक्षा के बाद मूल Admit Card शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को समर्पित किया जाएगा। संबंधित शिक्षक अभ्यर्थी मूल Admit Card की छायाप्रति अपने पास रख लेंगे। इस दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा शिक्षक अभ्यर्थी का Thump Impression एवं अन्य Biometric मिलान किया जाएगा एवं मूल Admit Card को Portal पर Upload कर मूल Admit Card कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।

16. वैसे शिक्षक अभ्यर्थी, जिन्हें सक्षमता परीक्षा देनी है, उन्हें ऑनलाइन परीक्षा हेतु कम्प्यूटर पर आवश्यक Practice करने की सलाह दी जाती है। यह Practice नजदीकी विद्यालय के ICT Lab में संध्या 5 बजे के बाद अथवा नजदीकी प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान/शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में संध्या 7.30 बजे से 9.30 बजे तक की जा सकती है। शिक्षक अभ्यर्थी यदि चाहे तो अपनी सुविधा अनुसार निजी कम्प्यूटर सस्थान मे भी Practice कर सकते हैं।

17. सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विद्यालय आवंटन के पूर्व कॉउंसलिंग होगा, जिसमें उनके प्रमाण पत्रों की जाँच की जाएगी तथा Thumb Impression एवं अन्य Biometric का मिलान किया जाएगा।

18. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) यह ध्यान रखेंगे कि सभी प्रकार के न्यायालीय/शिक्षक अपीलीय प्राधिकार में विचाराधीन मामलों से संबंधित अभ्यर्थी का सक्षमता परीक्षा आवेदन पत्र Submit नहीं हो सके।

19. यह सक्षमता परीक्षा स्थानीय निकायों द्वारा विधिवत चयनोपरांत नियोजित व कार्यरत शिक्षकों के लिए है। इरारो इतर कोई भी शिक्षक/व्यक्ति इरा परीक्षा गें राग्गिलित होने हेतु पात्र नहीं है। इसके अतिरिक्त पूर्व में नियोजित रहे एवं वर्तमान में नियोजन मुक्त/सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं हैं।

20. शिक्षकों द्वारा अपने जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से ऑनलाइन भरे गए परीक्षा आवेदन के विवरणों के आधार पर समिति द्वारा उनका प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा। प्रवेश पत्र निर्गत किए जाने मात्र से परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की पात्रता की संपुष्टि नहीं होगी।

21. परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया से लेकर परीक्षाफल प्रकाशन व प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया के बीच अथवा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात शिक्षक के सेवा काल में यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि संबंधित परीक्षार्थी इस परीक्षा हेतु पात्र नहीं था, तो उसका अभ्यर्थित्व, परीक्षाफल एवं प्रमाण पत्र रद्द कर दिया जाएगा।

22. निर्धारित अवधि में विहित शुल्क के साथ जिस इच्छुक अभ्यर्थी का ऑनलाइन आवेदन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से समिति को प्राप्त नहीं होगा उसका प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

23. <u>ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि :</u>
निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क **दिनांक 22.02.2025 से दिनांक 12.03.2025 तक** स्वीकार किये जाएँगे।

24. <u>परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि :</u>
अभ्यर्थी को समिति के वेबसाइट **https://www.bsebsakshamta.com** पर जाकर **Sakshamta Examination-3** Button पर Click करना होगा। Click करने पर **Sakshamta Examination-3** का लिंक खुलेगा, जिस पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व आवेदक सुनिश्चित हो लें कि उनके पास उनका अपना कार्यरत ई–मेल आई0 डी0 तथा मोबाईल नम्बर मौजूद है। अभ्यर्थी अपना ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल नम्बर अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे।

25. <u>परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाईट पर भरने की विस्तृत विधि निम्नवत् है :</u>

(i) उपर्युक्त वेबसाइट पर आवेदन की प्रक्रिया तीन चरण में पूर्ण होगी :–
(A) पंजीकरण, (B) फॉर्म भरना (C) भुगतान करना

6. **अर्हता :**

(क) स्थानीय निकाय द्वारा राज्य के प्राथमिक/मध्य/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षक (शारीरिक शिक्षक सहित)/पुस्तकालयाध्यक्ष।

(ख) वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जो सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) एवं (द्वितीय) में सम्मिलित नहीं हुए हैं अथवा अनुत्तीर्ण हुए है, इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

(ग) वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जिनके द्वारा सक्षमता परीक्षा, 2024 (द्वितीय) हेतु आवेदन पत्र भरा गया हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, परन्तु किसी कारणवश वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, वे इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्हें परीक्षा शुल्क देय नहीं होगा।

7. **परीक्षा शुल्क** : सभी कोटि के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क **–1100/–रू०**

8. **परीक्षा प्रक्रिया एवं अवधि :**

सक्षमता परीक्षा Computer Based Test (CBT) के माध्यम से आयोजित की जाएगी एवं इसकी अवधि 2 घंटा 30 मिनट की होगी।

9. **उत्तीर्णांक :**

सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–2374 दिनांक 16.07.2007 के अनुरूप सक्षमता परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक निम्नवत् होगा :–

| क्र.सं. | कोटि | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General) | 40%अंक |
| 2. | पिछड़ा वर्ग (BC) | 36.5% अंक |
| 3. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC) | 34% अंक |
| 4. | अनु0जाति/अनु0जनजाति (SC/ST) | 32% अंक |
| 5. | दिव्यांग (Differently Abled) | 32% अंक |
| 6. | महिला (Female) | 32% अंक |

10. **प्रमाण–पत्र :**

सक्षमता परीक्षा, तृतीय परीक्षा वर्ष, 2025 में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को उत्तीर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

11. शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा भरे गये आवेदन Submit करने के उपरान्त संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के Login में जाएगा। तत्पश्चात, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा जाँचोपरान्त इसे अन्तिम रूप से Submit किया जाएगा, जिस पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) का Digital हस्ताक्षर अंकित होगा। सत्यापन के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) यह आश्वस्त हो लेंगे कि शिक्षक अभ्यर्थी सक्षम स्थानीय निकाय द्वारा वास्तव में नियोजित शिक्षक हैं।

12. परीक्षा फार्म भरते समय शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा खास कर पिता/पति का नाम, जन्म तिथि एवं योगदान की तिथि इत्यादि सही भरा गया है या नहीं, मिलान करने के उपरान्त Submit किया जाएगा।

13. परीक्षा देने के पश्चात् मूल प्रवेश पत्र गुम होने की स्थिति में शिक्षक अभ्यर्थी को दुबारा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

14. **समिति द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किया जाएगा। डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा माह– दिसम्बर, 2024 के वेतन भुगतान का सत्यापन वेतन भुगतान पंजी से कर भौतिक हस्ताक्षर के उपरांत अपलोड किया जाएगा। शिक्षक अभ्यर्थी के आधार कार्ड, नियोजन इकाई द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र एवं फोटो का मिलान कर ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा प्रवेश पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा।**

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति सं०–PR...60...../2025

**बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के नियम–4 के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकाय के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, तृतीय के आयोजन एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के नियम–4 के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकाय के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, तृतीय में सम्मिलित होने वाले शिक्षक अभ्यर्थी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–11/नियमावली 01–02/2023 (अंश–2)–135, दिनांक 15.01.2024 एवं विभागीय पत्रांक 09/बि0वि0प0स0–03/2024–139, दिनांक 23.01.2024 के आलोक में स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, तृतीय आयोजन हेतु **दिनांक 22.02.2025 से दिनांक 12.03.2025 तक** ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त परीक्षा का विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–

2. **संरचना :**
   - क. सक्षमता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।
   - ख. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।
   - ग. निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

3. **परीक्षा के विषय :**

राज्य के प्राथमिक/मध्य/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाये जाने वाले सभी विषय। इनका विवरण निम्नवत् है :–

**(क) प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा 1–5) शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र०सं० | शिक्षक का कोटि | विषय कोड | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य शिक्षक | 301 | भाषा (अंग्रेजी + हिन्दी), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |
| 2. | उर्दू शिक्षक | 302 | भाषा (अंग्रेजी + उर्दू), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |
| 3. | बांग्ला शिक्षक | 303 | भाषा (अंग्रेजी + बांग्ला), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |

**नोट– सामान्य विषय अंतर्गत गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान से संबंधित प्रश्न**

**(ख) मध्य विद्यालय के (कक्षा 6–8) शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 401 |
| 2 | अंग्रेजी | 402 |
| 3 | संस्कृत | 403 |
| 4 | उर्दू | 404 |
| 5 | गणित एवं विज्ञान | 405 |
| 6 | समाजिक विज्ञान | 406 |

**(ग) प्रारंभिक शारीरिक शिक्षक (बेसिक ग्रेड के लिए)**

| क्र०सं० | शिक्षक का विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षा | 304 |